**प्रेस नोट**

**दिनांक 21.03.2025**

# पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा शुक्रवार की परेड/पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया

आज दिनांक 21.03.2025 को पुलिस अधीक्षक,जनपद हमीरपुर द्वारा शुक्रवार की परेड, पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया।इस क्रम में-

◆साप्ताहिक शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया व अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया।

◆शारीरिक व मानसिक रुप से फिट/ स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी।

◆यू0पी0 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियन्त्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

◆ पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओ0आर0 कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

◆रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।